तापमान

अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 27 .0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 19 जून 2025



10 अवैध कॉलोनी पर प्रशासन ने चलवाया पीला पंजा





10 जुलाना तहसील में काम के लिए जाएं तो कोरे कागज....




## खबर संक्षेप

### ट्रेन से महिला यात्री का नकदी समेत पर्स चोरी

**जींद।** रेलगाड़ी में जयपुर से चंडीगढ़ जा रही महिला यात्री के पर्स का किसी व्यक्ति ने नरवाना रेलवे स्टेशन पर चोरी कर लिया। पर्स में पचास हजार रुपये की नगदी, आईफोन तथा जरूरी दस्तावेज थे। रेलवे थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जयपुर राजस्थान निवासी मयंक डागा ने रेलवे पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई है।

### 61 बोतल देसी शराब सहित आरोपी दबोचा

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ द्वारा एक आरोपी को 61 बोतल देशी शराब सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टॉफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एचसी सुनील कुमार व एचसी लखविंद्र सिंह की टीम द्वारा सांयकालीन गश्त दौरान एक गुप्त सूचना मिलने उपरांत धनौरी सांघन रोड़ पर दबीश देकर संदिग्ध धनौरी निवासी राहुल को काबू कर लिया।

### बाप-बेटे को घायल करने पर दो नामजद

**जींद।** गांव फुलियाखुर्द में रास्ता विवाद के चलते बाप व बेटे को घायल करने पर नरवाना पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। फुलिया खुर्द निवासी राजेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई सुरेंद्र व उसका बेटा अमित खेत मे जाने वाले रास्ते को बंद कर रहा है। जिस पर वह अपने बेटे सुनील व मौजिज लोगों को लेकर वहां पर पहुंच गया। कहासुनी के दौरान उसके उसके भाई तथा भतीजे ने उन पर हमला कर दिया।

### जेब काटने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**कैथल।** जेब काटने के मामले की जांच थाना ढांड पुलिस के एसआई जोगिंद्र सिंह की टीम द्वारा करते आरोपी गांव मटरवा खेड़ी निवासी बीरबल सिंह उर्फ बीर को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव साकरा निवासी सुरेंद्र की शिकायत अनुसार 17 फरवरी को बाइक पर साकरा की सीमा पर पहुंचा तो मुंह ढककर बाइक पर सवार आए 2 लड़के उसके कुर्ते की जेब काट कर ले गए।

### मारपीट-जहर देने की कोशिश पर 4 नामजद

**जींद।** गांव राजगढ़ में महिला से मारपीट करने तथा जबरन जहर देने की कोशिश करने पर सदर थाना नरवाना पुलिस ने पति समेत चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव राजगढ़ निवासी निर्मल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह खेत में ज्वार लाने गई हुई थी। उसी दौरान उसके पति वकील ने उसके साथ मारपीट की। जिसके बाद घर वापस लौट आई।

### बस स्टैंड से 863 ग्राम चरस सहित आरोपी काबू

**कैथल।** एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ द्वारा उल्लेखनीय सफलता हासिल करते बस स्टैंड कैथल से एक नशा तस्कर को काबू कर लिया गया। जिसके कब्जे से 863 ग्राम चरस/सुल्फा बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एस.आई. प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई जसमेर सिंह की टीम सुबह के समय गश्त दौरान बस अड्डा कैथल के पास मौजूद थी। सहयोगी सूत्रों से पुलिस को गुप्त जानकारी मिली थी।

### लाखों की ठगी करने के मामले में महिला काबू

**कैथल।** विदेश भेजने के सब्जबाग दिखाकर आमजन से ठगी करने वाले आरोपियों पर एसपी आस्था मोदी के निर्देशानुसार जिला पुलिस द्वारा शिकंजा कसा जा रहा है। ऐसे ही आस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर लाखों की ठगी के मामले की जांच करते बाबा बकाला साहिब जिला अमृतसर पंजाब निवासी महिला आरोपी रणजीत कौर को गिरफ्तार कर लिया गया।

## लड़ाई झगड़े पर उतारू हो रहे ऑटो व ई-रिक्शा चालक

# थ्रीव्हीलर, ई-रिक्शा चालकों की मनमानी न ले ले किसी की जान नागरिक अस्पताल के गेट पर हर समय खड़े रहते हैं ऑटो चालक

### अस्पताल में आने वाले गंभीर मरीजों के लिए एक-एक पल कीमती

### अब नागरिक अस्पताल के अंदर भी लगने लगी ऑटो की लाइनें, गोहाना रोड पर भी वाहन चालकों को परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

थ्रीव्हीलर चालकों, ई-रिक्शा चालकों की जरा सी लापरवाही कभी भी किसी गंभीर मरीज की जान ले सकती है। क्योंकि थ्रीव्हीलर चालक, ई-रिक्शा चालक पूरा दिन जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल के गेट पर सवारी बैठाने के चक्कर में जमावड़ा लगाए रहते हैं। ऐसे में गोहाना रोड तो बाधित होता ही है साथ ही अगर एंबुलेंस को गेट से ले जाना चाहे तो जल्द नहीं ले जाया सकता है। गंभीर मरीज के लिए एक-एक पल कीमती होता है और इन रिक्शा चालकों को हटने में ही पांच से दस मिनट का समय लग जाएगा। नागरिक अस्पताल के गेट पर ऑटो चालकों का पूरी तरह से कब्जा हो गया है। यहां पर मरीजों के आने के लिए भी जगह नहीं बचती है। इसके अलावा अस्पताल के अंदर भी अब ऑटो स्टेंड बना लिया है। गेट पर खड़े ऑटो के कारण एंबुलेंस को भी कई देर में रास्ता मिल पाता है। ऑटो चालकों की मनमानी को रोकने वाला कोई नहीं है। गोहाना रोड पर अस्पताल में आवागमन के हैं दो रास्तेः जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में एंट्री को लेकर दो गेट हैं। एक राजकीय महाविद्यालय के सामने है और दूसरा कुछ दूरी पर उससे आगे है। जो गेट महाविद्यालय के सामने है वहां से भी एंबुलेंस ले जाई जा सकती है। हालांकि नागरिक अस्पताल में पुरानी बिल्डिंग में जाने के लिए गोहाना रोड पर एक ही मुख्य गेट था। इसके बाद नई बिल्डिंग बनी तो दूसरा गेट बनाया गया। पहले वाले गेट से नई बिल्डिंग का रास्ता काफी लंबा पड़ता था। इस रास्ते को छोटा करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने गोहाना रोड पर ही शव गृह के पास दूसरा गेट बना दिया ताकि मरीजों को परेशानी नहीं हो। गंभीर मरीजों को भी एंबुलेंस के माध्यम से यहीं से ले जा जा सके। परंतु अब इस गेट पर थ्रीव्हीलर चालकों का कब्जा हो गया है। सवारी उठाने के चक्कर में ऑटो चालक इस गेट पर पूरा दिन खड़े रहते हैं। जिससे मरीजों को निकलने में ही काफी परेशानी होती है। यदि एंबुलेंस आ जाए तो उसे भी इंतजार करना पड़ेगा और अंदर जाने में काफी समय लग जाएगा।



जींद। नागरिक अस्पताल के बाहर गेट के निकट खड़े ऑटो चालक।



जींद। अस्तपताल के अंदर सवारियां बैठाने के लिए लगी ऑटो की लाइन।



जींद। नई बिल्डिंग के मुख्य गेट तक पहुंचे ऑटो व ई-रिक्शा। *फोटो :हरिभूमि*

#### कर्मियों की लगाई डयूटी

स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऑटो चालकों को गेट के आगे खड़ा होने से रोकने के लिए कई बार अपने सिक्योरिटी गार्डों को यहां खड़ा किया गया लेकिन ऑटो चालक उनकी बात नहीं मानते। इसके बाद पुलिस व होमगार्ड जवानों की डयूटी लगाई गई लेकिन फिर भी बात नहीं बनी। स्वास्थ्य अधिकारियों द्वारा ऑटो चालकों को समझाने का प्रयास किया लेकिन ऑटो चालक नहीं माने। ऐसे में अब नई बिल्डिंग की तरफ जाने वाले रास्ते पर लगे दोनों गेट बंद हैं और एक छोटा सा रास्ता आने-जाने के लिए ही छोडा गया है। वहीं सड़क क्रॉस करके सामने ही राजकीय महाविद्यालय है। यहां पर एक पीसीआर खड़ी रहती है लेकिन पीसीआर कर्मचारी केवल कॉलेज तक ही सीमित रहते हैं।

#### समझाने पर नहीं मानते चालक

नागरिक अस्पताल के डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि ऑटो चालकों को कई बार रास्ते के आगे ऑटो न खड़ा करने के लिए कहा गया है। ऑटो चालक अपनी मनमानी करते हैं। स्वास्थ्य विभाग ने अपने स्तर पर कई बार गेट पर सिक्योरिटी गार्ड की ड्यूटी लगाई है लेकिन ऑटो चालक लड़ाई-झगड़े पर उतर आते हैं। उनको कई बार चिकित्सकों की टीम ने समझा भी है लेकिन वह नहीं मान रहे हैं। ऑटो चालकों की मनमानी रोकने के लिए पुलिस से अनुरोध किया गया है।

#### गेट तक लगने लगी ऑटो की लाइनें

ऑटो चालक सवारी बैठाने के फेर में अस्पताल के अंदर तक भी आ जाते हैं। अब तो आलम यह है कि नई बिल्डिंग के गेट तक ऑटो चालकों की लाइनें लगने लगी हैं। ऐसे में अगर इन ऑटो चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नही हुई तो वह दिन दूर नही जब इनकी लापरवाही से किसी गंभीर मरीज की जान चली जाएगी।

#### रास्ता पूरी तरह ब्लॉक

किसी की मौत होती है या किसी के शव को पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम रूम में लाया जाता है तो ई बिल्डिंग में जाने का यह रास्ता पूरी तरह ब्लॉक हो जाता है। इस रास्ते पर शवगृह है, इसलिए पोस्टमार्टम करवाने वाले लोग भी यहीं खड़े होते हैं। ऑटो चालकों की मनमानी के कारण पोस्टमार्टम करवाने वाले लोगों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

## जींद से मथुरा के लिए जाने वाली रोडवेज बस के टाइम टेबल में फिर बदलाव किया

- दोपहर की बजाय सुबह चलेगी, फरीदाबाद दिल्ली, गुरुग्राम वाले यात्रियों को भी लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद से मथुरा के लिए जाने वाली रोडवेज बस के टाइमटेबल में फिर से बदलाव किया गया है। पहले यह बस दोपहर को 12 बजे चलती थी। अब यह बस सुबह जींद से चलेगी। इस बस के टाइमटेबल में बदलाव से फरीदाबादए दिल्लीए गुरुग्राम वाले यात्रियों को भी फायदा होगा। शुरूआत में यह बस सुबह छह बजे चलती थी लेकिन बाद में बस का समय दोपहर को 12 बजे कर दिया था। ये टाइमटेबल यात्रियों को रास नहीं आया तो अब फिर से बदलाव कर दिया गया है। नए टाइमटेबल के अनुसार मथुरा के लिए जींद से सुबह 6 बजकर 50 मिनट पर चलेगी। जो रोहतक, दिल्ली, फरीदाबाद, बल्ल्भगढ़, पलवल, होडल, कोसी होते दोपहर बाद दो से अढाई बजे के बीच मथुरा पहुंचेंगी। वहां से तीन बजे जींद की तरफ वापसी होगी और रात को 10 बजे के करीब जींद पहुंचेगी। पहले वाले टाइमटेबल के अनुसार रात को वापसी के कारण दिल्ली आईएसबीटी पर तीन से चार घंटे का ठहराव होता था। इस कारण यात्री परेशान हो रहे थे। अब नए टाइमटेबल के अनुसार यह बस ज्यादा देर के लिए कहीं नहीं रूकेगी। जींद से मथुरा की दूरी 313 किलोमीटर है और 330 रुपए किराया निर्धारित किया गया है। जींद डिपो महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि यात्रियों की डिमांड पर बस के समय में बदलाव किया गया है। इस बस से यात्रियों को काफी सुविधा मिल रही है। कुछ यात्री सीधे मथुरा तक तो कुछ दिल्ली और फरीदाबाद की सवारी मिलती हैं।

## रोडवेज कर्मचारियों का बस अड्डे पर प्रदर्शन

- फतेहाबाद डिपो के परिचालक पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद डिपो में बुधवार को हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे के आह्वान पर फतेहाबाद डिपो के परिचालक कृष्ण कुंडू पर ड्यूटी के दौरान हमला करने वाले को गिरफ्तार न करने के रोष स्वरूप दो घंटे के लिए प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में विशेष रूप से मौजूद राज्य नेता अनूप लाठर ने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बताया कि 16 जून को हरियाणा राज्य परिवहन फतेहाबाद डिपो की बस हरिद्वार से फतेहबाद जा रही थी। जब हिसार बस अड्डे पर पहुंची तो सवारियों के साथ कुछ लड़के भी बस में बैठ गए। जब परिचालक कृष्ण कुंडू द्वारा एक युवक को टिकट लेने के लिए कहा तो उसने जवाब दिया कि मैं टिकट नहीं लूंगा ओर मुझे ढंढूर उतार देना। परिचालक ने कहा गाड़ी लंबे रूट हैं। ढंढूर स्टॉप नही है। इसके बाद युवक बस के परिचालक से झगड़ा करने लगा और युवक ने अपने 10-15 साथियों को बुला कर परिचालक पर हमला कर दिया। परिचालक को गंभीर चोटे आई हैं। परिचालक का इलाज अग्रोहा हस्पताल में चल रहा है। प्रशासन द्वारा कोई कार्यवाही नही करने के विरोध में फतेहाबाद डिपो के कर्मचारियों ने फतेहाबाद डिपो व टोहाना सब डिपो बंद करके हड़ताल कर दी।



जींद। मांगों को लेकर नारेबाजी करते रोडवेज कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

#### ये रहे मौजूद

राममेहर रेढू, जितेंद्र लाठर, देवेंद्र घोड़ेला, अनिल शर्मा, सोमबीर जांगड़ा के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। संचालन नीतीश शर्मा और संदीप रंगा, राजकुमार रधाना, बिजेंद्र, विजय कुंडू, राजेश हैबतपुर, दिलशाद, सुरेंद्र शर्मा, रमेश सहरावत, दीपक, प्रदीप पूनिया, रामनिवास शर्मा, जयवीर, सतीश कुमार, सचिन मलिक, ओमप्रकाश वर्मा, मोहित, पवन कुमार, नागेंद्र, नरेंद्र शमा,ए बलकार रेढू आदि मौजूद रहे।



राजौंद। मुख्य मार्ग पर भरे पानी का दृश्य। *फोटो :हरिभूमि*

#### बरसात ने दिलाई गर्मी से राहत

**राजौंद।** राजौंद में हल्की बरसात के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं किसानों के चेहरे भी खुशी से खिल उठे। पिछले कई दिनों से लगातार गर्मी से परेशान हो रहे थे लेकिन दो-तीन 2 दिन से मौसम परिवर्तित हो रहा था और हल्की बूंदाबांदी भी हो रही थी। लेकिन बुधवार को दोपहर बाद सवा तीन बजे बरसात होने के बाद गर्मी से जहां लोगों को राहत मिली है वहीं किसानों के चेहरे भी खिल उठे। इस समय किसानों को अपनी धान की फसल लगाने के लिए पानी की काफी जरूरत होती है। इस हल्की सी बरसात से कैथल असंध मुख्य मार्ग पर पानी भरने से की स्थानों पर मिट्टी भी धंस गई और आवा जावी काफी प्रभावित हुई। बता दें कि यहां सीवरेज के पाइप दबाने का कार्य चल रहा है। जिससे कच्ची मिट्टी में पानी भरने से काफी जगह से सड़क भी बैठ गई और वाहन भी धंस गए।उदर लोगों ने बताया कि बरसात के मौसम से पहले ही नगर पालिका प्रशासन को पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध कर लेने चाहिए

## डीसी के आदेश पर डीएमसी ने जारी किया नोटिस

- उपाध्यक्ष पूजा रानी के खिलाफ बारह पार्षदों ने दिया था अविश्वास का प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुहला-चीका

नगर पालिका चीका की उप-प्रधान पूजा शर्मा के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान के लिए 3 जुलाई 2025 की तारीख तय कर दी है। डीसी कैथल के आदेश पर डीएमसी कैथल ने 3 जुलाई को दोपहर 12:00 बजे नगर पालिका चीका में विशेष मीटिंग का नोटिस जारी किया है। सभी 17 पार्षदों, पालिका अध्यक्ष रेखा रानी के अलावा एमपी कुरुक्षेत्र नवीन जिंदल व गुहला के विधायक देवेंद्र हंस को भी इस मीटिंग में आमंत्रित किया गया है। पालिका सचिव को खास निर्देश दिए गए हैं कि वे इस मीटिंग की सूचना सभी पार्षदों को दें तथा उनका बैठक में हाजिर होना सुनिश्चित करें। उल्लेखनीय है कि गत 3 जून को बारह पार्षदों ने डीसी कैथल को एक पत्र सौंप कर नगर पालिका उपाध्यक्ष पूजा शर्मा के प्रति अपना अविश्वास जताया था तथा उन्हें पद से हटाने के लिए मीटिंग बुलाने की मांग की थी। डीएमसीके के पत्र के अनुसार 3 जुलाई की मीटिंग में पहले अविश्वास प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा होगी तथा उसके बाद मतदान करवाया जाएगा। यानी उसी दिन यह तय हो जाएगा की पूजा शर्मा अपने पद पर बनी रहेगी या फिर समर्थन के अभाव में पद से हटा दी जाएगी।

#### विश्वास के लिए चाहिए 7 अविश्वास के लिए 12

नगर पालिका सूत्रों ने बताया कि एक्ट के अनुसार अगर न्यूनतम दो तिहाई यानी 12 पार्षद अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में मतदान कर देते हैं तो पालिका उपाध्यक्ष की कुर्सी खिसकनी तय है। लेकिन अगर एक भी पार्षद टूट कर उपाध्यक्ष के खेमे में चला जाता है यानी विश्वास वाले पार्षदों की संख्या साथ हो जाती है तो उनकी कुर्सी को कोई खतरा नहीं है। नगर पालिका में कुल 17 पार्षद हैं और एक वोट चेयरपर्सन की भी पड़ेगी। जाहिरा तौर पर विपक्षी टोले के पास फिलहाल 12 पार्षद व सत्ता पक्ष के पास 6 पार्षद स्पष्ट रूप से नजर आते हैं। यदि एक पार्षद भी इधर-उधर हुआ तो परिणाम हिल सकते हैं।

## जींद के सात गांव का 100-100 वर्ग गज के प्लॉटों के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल दून ने बताया कि मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना विस्तार 2.0 स्कीम के फेज 2 के अंतर्गत जींद के सात गांवों का चयन 100-100 वर्ग गज के प्लॉटों के लिए किया है। ऑनलाइन पंजीकरण के अनुसार कुल 2518 आवेदकों का स्कीम की हिदायतों के अनुसार संबंधित खंड कार्यालयों के माध्यम से सर्वेक्षण करवाया जा रहा है। बताया कि चयनित गांवों में अलेवा खंड का रायचंदवाला गांव से 313 आवेदन, जुलाना खंड के बुढाखेड़ा लाठर से 359 आवेदन एवं शामलो कलां से 352 आवेदन, नरवाना खंड के हथो गांव से 440 आवेदन, उचाना खंड के बुडायन से 248 आवेदन एवं खरकबूरा से 146 आवेदन तथा उझाना खंड के खरल गांव से 660 आवेदन शामिल किए गए हैं। यदि इन गांवों के किसी भी आवेदक को पात्रता से संबंधित कोई शिकायत या सुझाव है तो वह 24 जून तक संबंधित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में संपर्क कर सकता है। इसके पश्चात सर्वेक्षण से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या सुझाव पर विचार नही किया जाएगा। सभी संबंधित आवेदकों से आग्रह किया कि वे तय समय सीमा के भीतर ही अपनी आपत्तियां, सुझाव प्रस्तुत करें।

## आनलाइन आवेदन में आईटीआई कैथल प्रदेश में तीसरे नंबर पर आया

# आईटीआई में दाखिले के लिए आवेदन को एक दिन शेष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आईटीआई में दाखिला हेतु आवेदन के लिए मात्र एक दिन शेष बचा है। 6 जून से शुरू हुई दाखिला प्रक्रिया 20 जून को समाप्त हो जाएगी। यही कारण है कि जैसे जैसे दाखिला की अंतिम तिथि नजदीक आ रही है तो वैसे वैसे युवा व युवतियों का आईटीआई में तांता लगा हुआ है। संस्थान में स्थापित किए गए हेल्प डेस्क पर सुबह से लेकर सायं तक युवा व युवतियों की लाइन लगी रही है। बता दें कि आईटीआई में युवतियों को आधुनिक कोर्स करवाए जा रहे हैं। इसके साथ ही छात्राओं के लिए विशेष योजनाएं भी अमल में लाई जा रही हैं। जहां छात्राओं की टयूशन फीस पूरी तरह से माफ की गई है तो वहीं 1000 रुपये टूल किट हेतु भी दिए जाते हैं। इसके साथ ही आईटीआई में प्रशिक्षण लेने वाले विद्यार्थियों को पासपोर्ट बनवाने हेतु 1500 रुपये की राशि भी दी जाती है। सेना में आईटीआई पास को अतिरिक्त अंकः बता दें कि जब से सरकार द्वारा सेना में आईटीआई डिप्लोमा धारक को अतिरिक्त अंक दिए जाने का प्रावधान किया गया है तभी से आईटीआई के प्रति युवाओं का विशेष रूझान बना है। यही नहीं आईटीआई पास कर युवाओं को आसानी से स्वरोजगार भी हासिल हो रहा है। बता दें कि दाखिला फार्म को लेकर कैथल का आईटीआई इस प्रदेश की टॉप टेन में स्थान बनाए हुए है। कैथल का आईटीआई में करीब 1250 सीटों के लिए अब तक 3781 आवेदन आ चुके हैं। दो दिन में यह आवेदन 5000 को पार कर सकते हैं।

#### आवेदन करते...





#### 3781 आवेदन आ चुके

आईटीआई के जिला नोडल अधिकारी सतीश मच्छाल ने बताया कि बुधवार तक आईटीआई में कुल 3781 आवेदन आ चुके हैं। आवेदन करने आने वाले युवा व युवतियों के लिए हेल्प डेस्क की व्यवस्था की गई है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे 20 जून से पहले आनलाइन आवेदन करें ताकि उन्हें दाखिला मिल सके।

### पांच हजार रुपये का इनामी बदमाश दबोचा

**जींद।** सीआईए स्टाफ जींद की टीम ने पांच हजार रुपये के इनामी बदमाश साधन पट्टी अलेवा निवासी हैप्पी उर्फ काशी वासी को गिरफ्तार किया है। सीआईए स्टाफ इंचार्ज उपनिरीक्षक मनीष कुमार ने बताया कि सीआई टीम को सूचना मिली थी कि हैप्पी उर्फ काशी जींद क्षेत्र में आया हुआ है। सूचना के आधार पर टीम ने तुरंत प्रभावी कार्रवाई करते हुए हैप्पी उर्फ काशी को उस समय धर दबोचा जब वह किसी आपराधिक वारदात को अंजाम देने की ऊरिाक में था। हैप्पी के खिलाफ जिला जींद, कैथल और हांसी में करीब एक दर्जन के आसपास गंभीर धाराओं के तहत मामले दर्ज हैं। इसके अलावा आरोपित के खिलाफ थाना शहर हांसी के एक मामले में पांच हजार रुपये का नगद इनाम घोषित किया गया था। जो पिछले कुछ समय से पुलिस की गिरफ्त से बच रहा था।

## खबर संक्षेप

### सफाई कार्य का किया एसडीएम ने निरीक्षण

**जींद।** एसडीएम होशियार सिंह ने बुधवार को विधानसभा के तहत आने वाली ड्रेनों की करवाई गई सफाई व अन्य बाढ़ प्रबंधन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ ग्रामीण क्षेत्र में ड्रेनों तथा शहरी क्षेत्र के नालों का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए कि सभी स्थानों पर निरंतर साफ. सफाई का कार्य चलता रहे ताकि बरसाती सीजन में जलभराव इत्यादि की समस्या ना हो।

### धूमधाम से मनाया जाएगा योग दिवस समारोह

**जींद।** श्री बनखंड महादेव जिला जींद इकाई द्वारा आगामी 21 जून को 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह धूमधाम से मनाया जाएगा। यह आयोजन श्री गुरुतेग बहादुर धर्मशाला रोहतक रोड जींद में आयोजित किया जाएगा। संस्था के जिला प्रधान वीरेंद्र गोयल ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह इस बार भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जनमानस को योग के प्रति जागरूक करने हेतु विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा।

### जेल में जागरूकता शिविर का आयोजन

**जींद।** सीजेएम मोनिका के मार्गदर्शन में जिला कारागार में दीवारों के भीतर न्याय कानूनी अधिकारों के साथ कैदियों व बंदियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में न्याय रक्षक नंद मोहन शर्मा ने कैदियों को संविधान के अनुच्छेद 39 के तहत प्रदत्त विधिक सहायता के अधिकार तथा उनके अन्य मौलिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

### साहसिक शिविर में लिया भाग

**नरवाना।** सनातन धर्म कालेज की एनएसएस स्वयंसेविका दामिनी राष्ट्रीय साहसिक शिविर जिस्पाए लाहौल स्पीति हिमाचल में 06 से 15 जूज तक भाग लेने के पश्चात महाविद्यालय पहुंचने पर प्राचार्य डॉ अंजना लोहान ने स्वयं सेविका को बधाई दी और इसी प्रकार जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

### बेटियां नहीं होगी तो बहू कहां से लाओगे : कविता

**जींद।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र दरियावाला के अंतर्गत ईंटल कलां गांव में टीकाकरण कैंप के बाद एक जागरूकता मीटिंग का आयोजन किया गया। एमपीएचडब्ल्यू कविता रानी व पवन ने जागरूक करते कहा कि कन्या भ्रूण हत्या के कारण गिरता लिंग अनुपात हमारे देश के सामने एक बहुत बड़ी सामाजिक समस्या है। स्वास्थ्यकर्मियों ने जागरूक करते हुए कहा कि आज लड़कियां किसी भी फील्ड में पीछे नही है। यदि बेटियां नहीं होंगी तो बहू कहां से लाओगे।

### संदिग्ध हालात में युवती लापता, शिकायत दर्ज

**जींद।** सफीदों से युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर शहर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सफीदों निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी 22 वर्षीय बेटी घर से गायब हो गई। तलाशने तथा पर उसकी पत्नी का कोई सुराग नही लगा। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### तहसील कार्यालय में किसानों का धरना जारी

**नरवाना।** तहसील कार्यालय में संयुक्त किसान मोर्चे का धरना आज भी मास्टर बलबीर सिंह राज्य अध्यक्ष अखिल भारतीय किसान सभा हरियाणा के नेतृत्व में जारी रहा। मंच सांझा करते हुए मास्टर बलजीत सिंह माण्डी ने बताया कि किसान और किसानी के संकटों का चोली दामन का साथ हैएजब से मानव ने इस धरती पर मिश्रित कृषि की शुरुआत की थी।

### उत्कृष्ट कार्य करने के वाले होंगे सम्मानित

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि नशा मुक्ति के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों, संस्थाओं, नशा मुक्ति केंद्रों को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय सेवा विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदान करने के लिए आवेदन आमंत्रित किए है।

## अवैध कॉलोनी के विकास पर प्रशासन सख्त

# गोविंदपुरा के पास अवैध कॉलोनी पर प्रशासन ने चलाया पीला पंजा

### पांच एकड़ में दुकानें, डीपीसी, चारदीवारी तोड़ी, रोड नेटवर्क को किया ध्वस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। अवैध निर्माणों को ढहाते हुए। फोटो :हरिभूमि

जिला नगर योजनाकार विभाग ने बुधवार को चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के सामने तथा गोविंदपुरा के पास अवैध रूप से विकसित की गई कॉलोनियों पर पीला पंजा चला। यहां पांच एकड़ में बनी कॉलोनियों की दुकानों, डीपीसीए चारदीवारी को तोड़ा गया। सुबह 10 बजे के करीब जिला नगर योजनाकार विभाग का अमला रोहतक रोड बाईपास पर चौधरी रणबीर सिंह यूनिवर्सिटी के सामने अवैध रूप से विकसित की जा रही कॉलोनी में पहुंचा। ड्यूटी मजिस्ट्रेट के तौर पर नायब तहसीलदार बलराम जाखड़ और डीटीपी अंजू जून के अलावा इन्फोर्समेंट पुलिस बल तैनात रहा। डीटीपी ने बताया कि कॉलोनाइजरों को नोटिस दिया गया था लेकिन इसके बावजूद भी इन्होंने अवैध निर्माण कार्य नहीं रोका। जेसीबी की सहायता से यहां करीब पांच एकड़ में डीपीसी को तोडऩा शुरू किया। चार डीपीसी तोडऩे के बाद 200 मीटर चारदीवारी को तोड़ा गया तो वहीं 1200 मीटर के रोड नेटवर्क को ध्वस्त किया गया। दो से तीन दुकानों को भी तोड़ा गया। इसके बाद टीम गोविंदपुरा राजस्व संपदा में कंट्रोल एरिया में बने अवैध निर्माण को ढहाया गया। डीटीपी अंजू जून ने कहा कि कंट्रोल एरिया में अवैध निर्माण किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने लोगों से भी अपील की कि अवैध कॉलोनियों में जमीन की खरीद-फरोख्त करने से पहले जिला नगर योजनाकार विभाग से पता कर लें कि साइट वैध है या अवैध है। कॉलोनाइजर लोगों को बहकाकर जमीन को बेच देते हैं, इससे बाद में उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जिले में आगे भी अवैध कॉलोनियों में तोडफ़ोड़ की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

#### नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी

सफीदों के शहरी क्षेत्र में बिना आवश्यक स्वीकृतियों के अवैध रूप से कॉलोनी विकसित किए जाने का मामला सामने आया है। जिला नगर योजनाकार अंजू ने बताया कि बिना लाइसेंस, सीएलयू या विभागीय एनओसी के किसी भी कॉलोनी का विकास गैरकानूनी है और इस पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान यह पाया गया कि राजस्व एस्टेट खेड़ी खेमावती के खसरा नंबर 71//12 मीन, 13,14, 17मीन, 18, 19 मीन में अवैध निर्माण कार्य किया जा रहा है। प्रशासन की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं कि इस खसरा नंबर में विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी में किसी भी प्रकार की रजिस्ट्री, बिक्री अनुबंध, पूर्ण भुगतान अनुबंध या पावर ऑफ अटॉर्नी जारी न की जाए। प्रशासन ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी अवैध कॉलोनी में भूखंड खरीदने से पहले उसकी पूरी जांच, पड़ताल अवश्य कर लें। अन्यथा उन्हें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है।

## जुलाना तहसील में काम के लिए जाएं तो कोरे कागज साथ में जरूर ले जाना वरना आपका काम नहीं होगा

- तहसील कार्यालय में फर्द निकालने के लिए नही कागज, भटक रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना


जुलाना। जुलाना तहसील में काम करवाने आए लोग। फोटो :हरिभूमि

जुलाना तहसील कार्यालय में कागज का टोटा बना हुआ है। कागज नही होने पर फर्द निकलवाने आए लोगों से कंप्यूटर ऑपरेटर बाहर से मंगवाते हैं। ऐसे में तहसील में आने वाले लोगों की जेब पर सीधा असर पड़ रहा है। तहसील कार्यालय में रोजाना सैंकड़ों लोग जमीनी कागजात निकलवाने के लिए आते हैं। इसके अलावा सभी प्रकार के प्रमाण पत्र भी तहसील में बनाए जाते हैं लेकिन तहसील में डेढ़ माह से कागज नही हैं जिसके चलते काम करवाने आए लोगों को भटकने पर मजबूर होना पड़ रहा है। कंप्यूटर ऑपरेटर आगे से कागज का बजट नही मिलने की दुहाई देते हैं। कागज लेने के लिए लोगों को बाजार का एक किलोमीटर तक का सफर तय करना पड़ता है और जेब पर भी असर पड़ता है। जुलाना तहसीलदार शालिनी लाठर ने बताया कि काफी दिनों से तहसील में कागज नही थे। कागज के लिए टेंडर लगाए गए हैं। एक सप्ताह के अंदर कागज आ जाएंगे जिसके बाद लोगों को हो रही परेशानी से निजात मिलेगी।


जींद। बुजुर्ग दंपत्ति को सम्मानित करते एसपी कुलदीप सिंह। फोटो :हरिभूमि

### एसपी ने किया दंपती को सम्मानित

**जींद।** जींद जिले में एक बुजुर्ग दंपति की दरियादिली से दो गुमशुदा बच्चों को रातभर सुरक्षित पनाह मिली और सुबह उन्हें उनके परिजनों से मिलाया जा सका। इन दोनों बच्चों में एक मूक बधिर है। इस नेक कार्य के लिए पुलिस अधीक्षक कुलदीप सिंह ने बुजुर्ग दंपति को सम्मानित भी किया। बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में उप पुलिस अधीक्षक उचाना संजय कुमार ने बताया कि गत 15 जून को थाना अलेवा के गांव बधाना से दो बच्चे जिनमें लड़की मुस्कान उम्र 13 साल व लड़का आर्यन उम्र 11 साल अपनी बुआ के घर गांव भाटला जिला हिसार में जाने के लिए दोपहर घर से निकले थे लेकिन यह अपनी बुआ के घर नही पहुंचे। इन दोनों बच्चों का जब कोई पता नहीं चला तो इस संबंध में इन बच्चों के परिजनों ने थाना अलेवा में लिखित में सूचना दी। जिस पर थाना अलेवा में मामला दर्ज करके बच्चों की तलाश शुरू की गई। यह दोनों बच्चे रास्ता भटक कर हांसी पहुंच गए थे और सायं करीब साढ़े सात बजे यह दोनों बच्चे बस अड्डा हांसी पर बैठे रो रहे थे।

### फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र अब पंद्रह दिन के अंदर मिलेगा

**जींद।** डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अब मतदाताओं को मतदाता सूची में अपडेट के 15 दिनों के अंदर फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र जारी कर दिए जाएंगे। मतदाताओं को फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) की तेजी से डिलीवरी सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने नई मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) शुरू की है। जो मतदाता सूची में अपडेट के 15 दिनों के अंदर मतदाता पहचान पत्र की डिलीवरी को सक्षम बनाती है। जिसमें मतदाता का नया नामांकन या किसी मौजूदा मतदाता के किसी भी विवरण में बदलाव शामिल है। डीसी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की यह पहल भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधा के लिए किए जा रहे विभिन्न उपायों के अनुरूप है। प्रणाली निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ) द्वारा ईपीआईसी जनरेशन से लेकर डाक विभाग (डीओपी) के माध्यम से मतदाता को ईपीआईसी की डिलीवरी तक प्रत्येक चरण की वास्तविक स्थिति बारे समय पर ट्रैकिंग सुनिश्चित करेगी।

#### प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन

**जींद।** आगामी 27 से 29 जून तक पंचकूला में होने वाली राज्य स्तरीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का जिला स्तर पर चयन किया। इसके लिए अर्जुन स्टेडियम में खिलाड़ियों का ट्रायल लिया गया। इसमें महिला और पुरुष के अलग-अलग दस किलोभार वर्ग की कैटेगरी में जिले से कुल 20 खिलाड़ियों का चयन किया । जिला खेल अधिकारी रामपाल हुड्डा ने बताया कि महिला वर्ग में 48 किलोभार वर्ग में जींद की खिलाड़ी कुसुम, 51 किलोभार वर्ग में कालवन की रिंकू, 54 किलोभार वर्ग में नरवाना की आरती, 57 किलोभार वर्ग में दनौदा खुर्द की अनीशा, 60 किलोभार वर्ग में नरवाना की सुलोचना, 65 किलोभार वर्ग में जींद की अंकुर, 70 किलोभार वर्ग में दनौदा खुर्द की सुजाता, 75 किलोभार वर्ग में नरवाना की स्मृति, 80 किलोभार वर्ग में दनौदा की पूजा और 80 से ज्यादा किलोभार वर्ग में अमरगढ़ की स्वाती का चयन किया गया है। वहीं लडकों में 47 से 50 किलो भार वर्ग में जींद के खिलाड़ी अनिकेत, 55 किलो भार वर्ग में जींद के मनीष, 60 किलो में नरवाना के जश्नदीप आदि का चयन किया।


जींद। ट्रायल देते खिलाड़ी। फोटो :हरिभूमि


नरवाना। गोवंश की मदद करते हुए। फोटो :हरिभूमि

#### टीम कर रही पुन्य का काम

**नरवान।** श्री तीर्थ राज गौ चिकित्सालय नरवाना टीम राम जाने रैबारी के पास मनबिर सिंह खटकड़ इंस्पेक्टर जींद का फोन आया कि नहेरे गांव में जोहड़ में नील गाय गिर गई है नहरें गांव में डा अतूल फोन किया और श्री तीर्थ राज गौ चिकित्सालय के संचालक सोनू नाथ, सिंदर, लीला, दिपक, मोनू देव व रामजाने रैबारी सोनू पहुंचे और निल गाय को बाहर निकाल मौके पर मर गई गांव के सरपंच संतराज की जेसीबी बूलाई और नील गाय को उठाकर मिट्टी देने का काम किया। राम जाने रैबारी पिछले कई सालों से ये पुन्य का काम कर रहे हैं और पिछले कुछ दिनों से दिखाई नहीं दिए अब पुनः इस कार्य में लग गए हैं और बीमार लाचार गाय का इलाज पुरी मेहनत और लगन से करते अन्य लोगों की तरह सिर्फ दिखावे के लिए कार्य नहीं करते उनके साथ एक निस्वार्थ भाव से काम करने वाली टीम भी जुड़ी हुई है।वे हरसंभव मदद करने के लिए तैयार रहते हैं एक फोन कॉल पर मौके पर पहुंचने का प्रयास करते हैं। डाक्टर की दवाइयों की आवश्यकता हो साथ में एम्बुलेंस लेकर मौके पर पहुंचने का काम करते हैं।

#### सरकार ने जारी किया ये आदेश

**जींद।** सीएलजी सदस्यों ने सूझबूझ से दो मामलों को निपटाया है। दोनों ही पक्ष फैसले से संतुष्ट हुए और शिकायतें वापस ले ली। पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत प्राप्त हुई थी जिसमें शिकायतकर्ता विजय ने बताया कि उसने बेटे का दाखिला कृष्णा मोहन मेडिकल कॉलेज में करवाने के लिए चार लाख यशदीप मेहता को दिए थे। इसमें दो लाख ऑनलाइन व दो लाख नगद दिए थे लेकिन यशदीप ने उसके बेटे का दाखिला नही करवाया और न ही रुपये वापस किए। यशदीप ने दो लाख वापस दे दिए और बाकी दो लाख नहीं दिए है। जिस पर दोनों पक्षों को बुलाया। उत्तरवादी की तरफ से उसका वकील सीएलजी शाखा में आया और दो किश्तों में शिकायतकर्ता के पैसे देने का एग्रीमेंट किया। वहीं दूसरी शिकायत में शिकायतकर्ता कर्मवीर वासी आहिरका ने बताया कि वह गांव में खसरा नंबर 762 प्लाट में रह रहा है। मकान के पड़ोसी धनपत ने बीच की दीवार खर्चा उठाने की एवज मे छह फीट जगह मेरे प्लाट में मिलाई थी लेकिन बाद ने उसने अपनी जगह वापस ले ली और दीवार का खर्चा जोकि 50 हजार रुपये था देने को कहा।


जींद। मामले का निपटान करते सीएलजी सदस्य। फोटो :हरिभूमि


जानकारी देते अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार गोयल।

#### जल्द होगी जिला अध्यक्षों की घोषणाः गोयल

**जींद।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने घोषणा की है कि जल्द ही 22 जिलों का संगठनात्मक पुनर्गठन किया जाएगा। सप्ताह के अंदर-अंदर हरियाणा के सभी 22 जिलों के जिला अध्यक्षों की घोषणा कर दी जाएगी। अग्रवाल समाज के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजकुमार गोयल ने बताया कि सात सितंबर को जींद में राज्यस्तरीय महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह धूमधाम से मनाया जा रहा है। जयंती समारोह के तहत जींद में उत्तर भारत स्तर का ऐतिहासिक विवाह योग्य परिचय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह सम्मेलन आजतक का सबसे बड़ा सम्मेलन होगा। सम्मेलन में हजारों की तादाद में अग्र बंधु उपस्थित होंगे। सम्मेलन में देश व प्रदेश से अग्रवाल समाज के दर्जनों राष्ट्रीय नेता मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करेंगे। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य योग्य युवक व युवतियों का परिचय करवाना, समाज में रिश्तों के संजाल को मजबूत करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना और नई पीढ़ी को एक मजबूत वैवाहिक मंच उपलब्ध कराना है।


जींद। शिविर के दौरान कदम ताल करते कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

### कैडेट्स ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**जींद।** राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) कैंप के तीसरे दिन उत्साह और सीखने से भरा रहा। कैडेटों ने दिन की शुरुआत कठोर आर्म्स ड्रिल और फुट ड्रिल प्रशिक्षण के साथ की। जिससे उनका अनुशासन और स्टीकता निखर कर आई। सुबह के सत्र में कैडेटों ने मानचित्र पढने, स्केल और ग्रिड सिस्टम के बारे में भी सीखा। जिसके बाद राष्ट्रीय एकीकरण पर विचारोत्तेजक चर्चा हुई और कैडेट्स को राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने में एनसीसी के महत्व को समझने में मदद की। आपदा प्रबंधन पर आयोजित सत्र में कैडेट्स ने विभिन्न आपदाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और उन्हें प्रबंधित करने के तरीके सीखे। सीखा कि कैसे आपदाओं के समय में लोगों की मदद की जा सकती है और नुकसान को कम किया जा सकता है। कैडेट्स की प्रतिभा को निखारने के लिए पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया । जिसमें कैडेट्स ने रचनात्मकता और कौशल का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में उन्होंने विभिन्न विषयों पर आधारित पोस्टर बनाए। पोस्टरों में रंगों, चित्रों और संदेशों का अद्वितीय उपयोग देखने को मिला।

## योग मैराथन दौड़ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। योग मेराथन को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए। फोटो :हरिभूमि

बुधवार को योग मैराथन दौड़ का आयोजन किया । योग मैराथन दौड़ में युवाओं ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। योग मैराथन दौड़ को विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के पुत्र रूद्राक्ष मिड्ढा ने बतौर मुख्यअतिथि शिरकत कर अर्जुन स्टेडियम से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। ये योग मैराथन अर्जुन स्टेडियम से आरंभ होकर लाल बत्ती से सफीदों रोड, सफीदों गेट, एसडी स्कूल जींद से वापस अर्जुन स्टेडियम जींद में संपन्न हुई। मैराथन के दौरान सभी प्वायंटों पर पुलिस ड्यूटियां लगाई गई थी। इस अवसर पर जिला खेल एवं युवा कार्यक्रम अधिकारी रामपाल हुड्डा भी मौजूद रहे। रूद्राक्ष मिड्ढा ने कहा कि नियमित रूप से योगा कर व्यक्ति न सिर्फ स्वस्थ और निरोग रहता है बल्कि कई बीमारियों पर विजय भी प्राप्त कर लेता है। आज जब दुनिया भर में लोग स्वास्थ्य और कल्याण के लिए चिंतित हैं। योग एक प्राचीन अभ्यास के रूप में उभर कर सामने आया है जो शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देता है। योग जो भारत की प्राचीन परंपरा का हिस्सा है न केवल शारीरिक रूप से मजबूत बनाता है बल्कि मन को शांत और एकाग्र करने में भी मदद करता है। योग के लाभों के बारे में जानने से पहले, यह समझना जरूरी है कि योग वास्तव में क्या है। योग कोई धर्म नही है, यह जीने का एक तरीका है। जिसका उद्देश्य स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन की प्राप्ति है।


अलेवा। दालमवाला गांव में बेटी बचाओ, बेटी पढाओ पर आधारित कार्यक्रम में भाग लेते स्वास्थ्य कर्मचारी तथा ग्रामीण। फोटो :हरिभूमि

### बेटा बेटी को दे समान दर्जाः ढांडा

**अलेवा।** स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के निर्देशानुसार पीएचसी नगूरां के अधीन दालमवाला गांव में बेटी बचाओ, बेटी पढाओ पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने की। इस अवसर पर स्वास्थ्य निरीक्षक नरेंद्र ढांडा ने बेटी बचाओ, बेटी पढाओ के बारे में स्वास्थ्य कर्मचारियों तथा ग्रामीणों को शपथ दिलाई गई। स्वास्थ्य निरीक्षक ने कर्मचारियों तथा ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि बेटी बचाओ, बेटी पढाओ अभियान का मुख्य उद्देश्य भारत में बेटियों के प्रति समाज की सोच का बदलना और उनकी शिक्षा को बढावा देना है। इस अभियान के माध्यम से सरकार और समाज दोनों मिलकर बेटियों के लिए एक सुरक्षित और शिक्षा से भरपूर वातावरण बनाने का प्रयास कर रहे हैं। आज की बेटियां हर क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रही है। ऐसे में समाज के लोगों को भी चाहिए कि बेटा तथा बेटी में किसी प्रकार का अंतर नहीं समझ कर उनको बराबर का दर्जा देना चाहिए ताकि समाज एक अच्छी दिशा में बढ सके तथा उन्नति कर सके।

## जिले के दर्जनों गांव में चल रहा जल संरक्षण अभियान

# जल संरक्षण में सहयोग करने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जिला के दर्जनों गांवों में जल संरक्षण अभियान के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण पौधरोपण व योग पर जोर दिया जा रहा है। इससे लोग पानी बचाने के साथ-साथ अन्य अभियान के प्रति भी जागरूक हो रहे हैं। वीडब्ल्यूएससी के माध्यम से जल चौपाल आयोजित कर जल संरक्षण, जल जीवन मिशन व जल सरंक्षण के प्रति जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिला के खंड नरवाना के गांव सुरजा खेड़ा में सुरेंद्र कुमार, जींद ब्लॉक के गांव बहबलपुर में खड़ समन्वयक दिनेश मलिक, सफीदों ब्लॉक में बलवान सिंह ने बडोद, जुलाना में सोमलता सैनी ने शामलो खुर्द व पिल्लूखेड़ा के बूढ़ाखेडा में सुरेंद्र दुग्गल ने, उचाना में सफाखेड़ी में कुशल शर्मा ने, अलेवा के गांव चुहड़पूर में ईश्वर सिंह ने अभियान चलाया हुआ है।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने बताया कि गांव सुरजाखेड़ा में जल संरक्षण अभियान कनिष्ठ अभियंता कुशल पाल व बीआरसी सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में शुरू किया गया। अभियान को लेकर ग्रामीण जल एवं सीवरेज समिति के साथ मीटिंग की गई व ग्रामीणों को समझाने के लिए समिति के सदस्यों से सहयोग की अपील की। अभियान के दौरान जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता ने सरपंच से गांव में चल रहे अवैध कनेक्शन, अस्वस्थ कनेक्शन, खुले में चल रहे कनेक्शनों को काटने के लिए ग्राम पंचायत से सहयोग करने की अपील की। लोगों को जल संरक्षण में सहयोग करने की अपील की। समिति के सदस्यों ने जो समस्याएं बताई उनका समाधान कनिष्ठ अभियंता ने मौके पर ही किया गया। विभाग की ओर से उपभोक्ताओं को पानी जरूरत के हिसाब से लेने पर जोर दिया गया और अगर उपभोक्ता पानी व्यर्थ नाले में बहाता है, कनेक्शन विभाग के अनुसार नहीं मिलता, कनेक्शन गंदे नालों से लिए मिलता है उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। क्लोरीन किट से पानी में क्लोरीन की मात्रा भी जांची गई और लोगों को बताया गया कि विभाग पानी को साफ कर आपके घर तक पहुंचाता है इसका सदुपयोग करें।


जींद। योग शिविर में भाग लेते हुए साधक। फोटो :हरिभूमि

### योग को अपनाने के लिए किया प्रेरित

**जींद।** आयुष विभाग द्वारा बुधवार को जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. अमित रोहिल्ला के नेतृत्व में वीटा मिल्क प्लांट परिसर में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी हेतु योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीटा प्लांट के सीईओ नरेंद्र सिंह बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। आयुष योग सहायक नवनीत, संतोष और बबीता ने उपस्थित 80 प्रतिभागियों को योग प्रोटोकॉल का गहन प्रशिक्षण प्रदान किया और उन्हें योग को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर परए आयुष विभाग द्वारा वीटा प्लांट के प्रांगण में वृक्षारोपण भी किया गया। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों का हिस्सा था। जिसमें योग के महत्व और इसके लाभों के प्रति जागरूकता फैलाने का प्रयास किया गया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य रखा है। जो योग को दैनिक जीवन में अपनाने की आवश्यकता को दर्शाता है। आयुष विभाग ने कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को योग के महत्व और इसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में जागरूक किया।

## खबर संक्षेप

### मरणोपरांत शरीर दान करने का संकल्प लिया



**कैथल।** कैथल जिला के गांव ब्रहामणिवाला की बेटी सोनिया बिबियान ने श्री रैदास तख्त कलायत हरियाणा के महात्मा गुरू प्रसाद जी व बसवा टीम के सक्रिय सदस्य समाजिक कार्यकर्ता गुरूदेव बडसीकरी से प्रेरणा लेकर आज मिनिस्ट्री ऑफ़ हेल्थ और फैमिली वेलफेयर गवर्नमेंट ऑफ़ इंडिया में अपना मरणोपरांत शरीर दान करने का संकल्प लिया। सोनिया बिबियान ने कहा कि जब तक हमारे शरीर में जान हैं जब तक हमने रक्तदान करना चाहिए और मरणोपरांत शरीर दान करके पुन्य के भागी बनना चाहिए क्यूंकि आज भारत देश में 4 प्रतिशत लोग आंखों से देख नहीं पाते और 6 प्रतिशत लोग दिल के मरीज हैं। ऐसे हमारे देश को शरीर के अंगों की जरूरत पडती है ताकि हमारा शरीर भी मरने के बाद छः व्यक्तियों के काम आता है और हमें जीतें जी रक्तदान करना चाहिए और मरणोपरांत शरीर दान करना चाहिए। समाजिक कार्यकर्ता गुरूदेव

### महिला से दुष्कर्म के आरोप में मामला दर्ज

**कैथल ।** चीका पुलिस ने एक महिला के साथ दुष्कर्म करने तथा धमकी देने का आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। चीका पुलिस थाना के तहत आने वाले गांव की एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 7 जून को सोनी नामक युवक ने उसके साथ दुष्कर्म किया। यह भी आरोप है कि आरोपी ने किसी को बताने पर उसे जान से मारने की धमकी भी दी।

### गांव मानस में हुई मारपीट में दो घायल

**कैथल ।** जिले के गांव मानस में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में दो व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। मामले में एक पक्ष से दीपक ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 15 जून को गोलू, अजय, सोनू, रवि, पुरुषोत्तम, साहिल, बहादुर व अन्य ने मिलकर लाठी और गंडासियों से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। इसी प्रकार से इसी मामले में दूसरे पक्ष के नरेश ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 17 जून को कुलदीप, संदीप, गुरुदेव, राजेंद्र, सनी व अन्य ने मिलकर लाठी डंडे और ईंटों से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया।

### पड़ोस के युवक पर दुष्कर्म का आरोप

**कैथल।** शहर की एक कॉलोनी में एक युवती से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। इस मामले में पड़ोस में रहने वाले युवक ने युवती को पहले अपनी बातों में फंसाया और फिर लगातार दुष्कर्म किया। पुलिस की जांच में सामने आया कि युवक पिछले चार साल से लड़की का पीछा कर रहा था। बाद में दोनों की एक दूसरे से बातचीत होने लगी। युवक ने लड़की के साथ शारीरिक संबंध बनाए। इससे लड़की करीब पांच महीने की गर्भवती भी हो गई।

---

*सीएम, मुख्य सचिव, निकाय निदेशक, डीसी व एसडीएम को भेजी जाएगी शिकायत*

# कलायत नगरपालिका कार्यालय में विवादित नोटिसों को लेकर आम लोगों और समाज सेवी संगठनों में भारी रोष

- अचानक जन सुविधा के लिए शुरू किए गए हेल्प डेस्क को बंद करने पर भी पालिका अधिकारियों पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कलायत



कलायत नगर पालिका कार्यालय का मुआयना करते विहिप जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल।

कलायत नगर पालिका कार्यालय के अंदर बड़े पैमाने पर यहां खाली बैठकर अपना व नगर पालिका स्टाफ का समय बर्बाद न करें के नोटिसों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। विभिन्न समाज सेवी संगठन और आम नागरिक बार-बार निकाय विभाग से एक ही सवाल पूछ रहे हैं कि आखिरकार किसके आदेश से ये नोटिस कार्यालय में चस्पा किए गए हैं। कलायत उप मंडल, जिला व प्रदेश के किसी कार्यालय में इस प्रकार के नोटिस नहीं लटका गए। एकलौते नगर पालिका कार्यालय में इस प्रकार की कार्यवाही को पार्षद, समाज सेवी संगठन और आम जन तुगलकी फरमान करार दे रहे हैं। रंग पकड़ चुके इस मामले की धरातल पर जांच-पड़ताल के लिए विश्व हिंदु परिषद जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्मल ने पालिका कार्यालय का दौरा किया गया। विहिप पदाधिकारी पालिका कार्यालय के अंदर जगह-जगह चिपकाए गए नोटिसों को देखकर हैरान रह गए। उनका कहना था कि प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन निरंतर जन संवाद को लेकर गंभीर रहता है। इस पर आधारित विभिन्न कार्यक्रम गतिमान रहते हैं। इस बीच पालिका कार्यालय के अंदर नागरिकों व सरकारी विभागों में बड़ी दूरी बनाने वाले नोटिसों को चस्पा करना हैरानी का विषय है। जिला नगर आयुक्त को बिना देरी के इस मामले में संज्ञान लेना चाहिए। पार्षद प्रीत जगदेव और महिला पार्षद प्रतिनिधि कुलदीप दहिया ने कहा कि पालिका की कार्यप्रणाली को लेकर मिल रही शिकायतों पर पहले भी सीएम फ्लाइंग व अन्य अधिकारी जांच कार्यवाही करते आए हैं। प्रदेश मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव की तरफ से इस प्रकार के नोटिस चस्पा करने के कोई निर्देश नहीं हैं। इससे जाहिर होता है कि कहीं न कहीं कुछ अधिकारी जवाबदेही व कार्यालय में अनुपस्थिति पर पर्दा डालने के लिए नोटिस को आड़ बना रहे हैं। ताकि आम जन कार्यालय से दूर रहे और कार्यालय की कमजोरियों पर कोई सवाल न उठा पाए।

#### जन भावना को आहत करने वाली है नोटिसों की भाषा

लोगों का कहना है कि जगह-जगह लगाए गए विवादित नोटिसों की भाषा और भावनाएं न सिर्फ लोगों को आहत कर रही हैं बल्कि यह सरकारी कार्यालय की गरिमा के भी विपरीत है। विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के जिला उपाध्यक्ष ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और कहा कि इस तरह के नोटिस किसी भी सरकारी दफ्तर में नहीं लगाए जा सकते। उन्होंने यह भी साफ कहा कि वह इस पूरे मामले की विस्तृत रिपोर्ट हरियाणा के मुख्यमंत्री कार्यालय को भेजेंगे और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे।

#### जन सुविधा के लिए लगाए गए हैं नोटिसः सचिव

नगर पालिका सचिव पवन शर्मा ने बताया कि कार्यालय के अंदर जन सुविधा के लिए नोटिस लगाए गए हैं। इसके माध्यम से उनका मकसद किसी की भावना को ठेस पहुंचाने का नहीं है। नगर पालिका प्रशासन जन सुविधा के लिए गंभीर है।

---

## डीसी ने दिखाई जिला स्तरीय योग मैराथन को हरी झंडी

# प्रदेश को योगयुक्त और नशा मुक्त बनाने के लिए सभी नागरिक सक्रिय भागीदारी निभाएं

*योग स्वस्थ जीवन जीने की प्राचीन कला, इसे नियमित दिनचर्या में अपनाएं सभी नागरिक : प्रीति*

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कैथल





**कैथल।** डीसी प्रीति जिला स्तरीय योग मैराथन को हरी झंडी देकर रवाना करते व जिला स्तरीय योग मैराथन में अव्वल रहे प्रतिभागियों को सम्मानित करते पदाधिकारी फोटो : हरिभूमि

डीसी प्रीति ने कहा कि योग मन, मस्तिष्क और आत्मा का संतुलन बनाने का माध्यम है। योग को सिर्फ एक दिन के लिए नहीं, बल्कि उसे नियमित अपनी दिनचर्या में लेकर आएं। योग स्वस्थ जीवन जीने की प्राचीन कला है, जो शरीर और मन को आपस में जोड़ती है। प्रदेश को योगयुक्त और नशा मुक्त बनाने के लिए सभी नागरिक अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

डीसी प्रीति बुधवार को चौधरी छोटू राम स्टेडियम में आयुष, खेल एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय योग मैराथन में प्रतिभागियों को संबोधित कर रही थीं। डीसी ने इस दौरान मैराथन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। प्रथम स्थान पर गौरव, द्वितीय स्थान पर सुनील, तृतीय स्थान पर यशेंद्र रहे। डीसी प्रीति ने कहा कि योग ऋषि मुनियों द्वारा प्रदान की गई एक प्राचीन पद्धति है, जोकि जीवन में काफी प्रभावी है। योग करने से जहां शारीरिक स्फूर्ति प्राप्त होती है, वहीं तनाव को खत्म करता है। इस बार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के लिए योग है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह के नोडल अधिकारी गिरीश कुमार ने कहा कि योग ने हजारों वर्षों से मानव जाति को शारीरिक, मानसिक व अध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाया है। योग केवल कुछ आसन करना ही नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने का एक तरीका है। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में जहां तनाव और चिंता हमारे जीवन का हिस्सा बन गए हैं, वहीं योग हमें शांति और स्थिरता प्रदान करता है। जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश ने कहा कि योग हमारे शरीर को लचीला बनाता है। हमारी मांसपेशियों को मजबूत करता है। योग करने से एकाग्रता बढ़ती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सभी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें, ताकि घर-घर योग की अलख जगाई जा सके।

- सैकड़ों प्रतिभागियों ने लिया योग मैराथन में भाग

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर आरटीए गिरीश कुमार, जिप सीईओ सुरेश राविश, डीडीपीओ कंवर दमन, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी, डीडीए डॉ. बाबू लाल, डीएचओ हीरा लाल, डीएसओ राज रानी, डीआईओ दीपक खुराना, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शंकुतला दहिया, रैडक्रॉस सचिव रामजी लाल, आईटीआई प्रिंसीपल सतीश मच्छाल, योग विशेषज्ञ डॉ. एचएस हुड्डा, कोच गुरमीत सिंह, चेतन शर्मा, राजेश कुमार, देवेंद्र, प्रशांत, जोगिंद्र, रोहताश, रीटा, ऊषा, रमेश कुमार, राहुल शर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे

---



डीसी प्रीति अधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए

## योग दिवस की भव्यता व गरिमा बनाते उत्कृष्ट आयोजन सभी की जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|कैथल

- अपने विभाग से संबंधित तैयारियां पूरी रखें सभी अधिकारी

डीसी प्रीति ने कहा कि 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आयोजन की भव्यता एवं गरिमा बनाए रखना सभी की जिम्मेवारी है। इसीलिए सभी अधिकारी अपने अपने विभाग से संबंधित तैयारियां पूरी करें। अधिकारी स्वयं की उपस्थिति सुनिश्चित करने के साथ अधीनस्थ कर्मचारियों व आमजन की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करवाएं। योग दिवस कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस बार भी जींद रोड स्थित अतिरिक्त अनाज मंडी में सुबह 6 बजे मनाया जाएगा।

डीसी प्रीति बुधवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों की समीक्षा कर रहीं थीं। डीसी ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे 21 जून को जिला स्तर के साथ-साथ ब्लॉक स्तर पर आयोजित होने वाले योग दिवस कार्यक्रमों को सफल बनाएं। जिस विभाग की जो जिम्मेदारी लगाई गई है, उसे ईमानदारी के साथ निभाएं। योग दिवस कार्यक्रमों में विद्यार्थियों, पीटीआई, डीपीई, एनएसएस, एनसीसी, खिलाड़ी, समाज सेवी संस्थाओं, योग संस्थानों सहित सभी वर्गों की भागीदारी होनी चाहिए।

#### ये रहे मौजूद

डीसी ने बताया कि 20 जून को स्थानीय अतिरिक्त अनाज मंडी में योग दिवस कार्यक्रम को लेकर सुबह सात बजे पायलट रिहर्सल होगी। इस पोर्टल पर पंजीकरण तथा मोबाइल नंबर पर मिस कॉल करके आमजन अपना पंजीकरण करवाएं ताकि जिले का नाम प्रदेश में सबसे अव्वल स्थान पर आए। इस अवसर पर आरटीए गिरीश कुमार, डीएमसी सुशील कुमार, एमडी शुगर मिल कृष्ण कुमार, एचएसवीपी ईओ वकील अहमद, एसडीएम अजय सिंह, डीएसपी बीरभान, सिविल सर्जन डा. रेणु चावला, डीडीपीओ कंवर दमन, जीएम रोडवेज कमलजीत सिंह, डीआईओ दीपक खुराना, जिला आयुर्वेदिक अधिकारी शकुंतला सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

---



भाजपा वरिष्ठ नेता सुरेश गर्ग नौच को सम्मानित करते पदाधिकारी फोटो : हरिभूमि

### सेना को मजबूत करने के लिए अहम कदम उठाए जा रहे

**कैथल** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में /"11 साल बेमिसाल/" को लेकर भाजपा जिला कार्यालय "कपिल कमल" में कैथल शहरी मण्डल की कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा वरिष्ठ नेता सुरेश गर्ग नौच ने शिरकत की। अध्यक्षता कैथल शहरी मण्डल अध्यक्ष आयुष गर्ग ने की । गर्ग ने कहा कि यह सिर्फ वर्षों की गिनती नहीं है, बल्कि ये विकास, सामाजिक न्याय, राष्ट्र प्रथम की भावना और करोड़ों भारतीयों के जीवन में आए ऐतिहासिक बदलाव की मिसाल है। बताया कि केंद्र के साथ मिलकर प्रदेश सरकार द्वारा गरीब कल्याण योजनाएं,महिलाओं का सशक्तिकरण ,युवाओं के लिए नए अवसर ,किसानों की आय और सम्मान,गांव से लेकर शहर तक बुनियादी विकास,भारतीय सेना को मजबूत करने के लिए अहम कदम उठाए जा रहे हैं । इस कार्यशाला में मुख्य रूप से जिला महामंत्री सुरेश संधु , भाजपा वरिष्ठ नेता रवि भूषण गर्ग, जिला सचिव शक्ति सौदा, जिला अध्यक्ष युवा मोर्चा आदित्य भारद्वाज , प्रदेश सह संयोजक व्यापार प्रकोष्ठ सौरभ चौधरी , जिला परिषद वाईस चेयरपर्सन प्रतिनिधि कर्मवीर फौजी , कार्यक्रम सह संयोजक वीरेंद्र बत्रा , मण्डल पदाधिकारी सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मोदी सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि जनहित में बेमिसाल : अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶|ढांड



भाजपा नेता अशोक गुर्जर मोदी सरकार की उपलब्धियों का प्रचार करते।

ढांड मंडल में राधा कृष्ण धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 11 वर्षों की सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण की यात्रा को समर्पित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यातिथि के रूप में भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गुर्जर ढांड ने शिरकत की और कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष विजेंद्र मैहला जडौला ने की। कार्यक्रम में कार्यकत्ताओं को संबोधित करते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर ने कहा कि इन 11 वर्षों में मोदी ने भारत को वैश्विक मंच पर एक सशक्त, निर्णायक और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित किया है। उनके नेतृत्व में भारत ने हर क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के संकल्प के साथ भारत ने बीते 11 वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। इन 11 वर्षों में सेवा सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प को पूरी मजबूती से साकार किया है। उन्होंने कहा कि किसानों को फसलों का उचित दाम और सम्मान मोदी सरकार ने ही दिया। गरीब लोगों के लिए फ्री राशन से लेकर करके फ्री इलाज की व्यवस्था भी मोदी सरकार ने की है। मोदी सरकार हर वर्ग का कल्याण समान भाव से कल्याण करने वाली सरकार है। देश और प्रदेश में इन 11 वर्षों में सडक़ों का जाल बिछा है और इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत हुआ है।अशोक गुर्जर ने कार्यकत्ताओं के साथ एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पोधारोपण किया।

---



कलायत राजकीय आइटीआइ में आयोजित शिविर में स्वास्थ्य जांच करवाते प्राचार्य भूपेंद्र पाल सिंह। फोटो : हरिभूमि

### राजकीय आईटीआई में लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**कलायत।** कलायत में पिंजुपुरा गांव के पास नेशनल हाईवे पर स्थित राजकीय आईटीआई कलायत में सिगनस अस्पताल कैथल की तरफ से स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सिगनस अस्पताल की टीम डा.गौरव शर्मा की अगुवाई में पहुंची। टीम ने आइटीआइ प्राचार्य भूपेंद्र पाल सिंह की मौजूदगी में विद्यार्थियों व स्टाफ को प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी दी। इस दौरानs खुद प्राचार्य भूपेंद्र पाल सिंह ने भी अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। डाक्टरों ने कहा कि विकट परस्थिति में प्राथमिक उपचार की मदद से जान बचाई जा सकती है। सेमिनार में अस्पताल से आई मेडिकल टीम ने विद्यार्थियों व स्टाफ के लिए निशुल्क जांच शिविर लगाया। भूपेंद्र पाल सिंह ने बताया विपरीत परस्थिति में बिल्कुल नही घबराना चाहिए। सहायता के लिए तत्पर रहें। ताकि इंसानियत के नाते किसी की जान बचा सकें। उन्होंने कहा कि आइटीआइ का लक्ष्य विद्यार्थियों और स्टाफ को हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार रखना है।

---

## भाजपा सरकार ने विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही की नई संस्कृति स्थापित की

*बोले : बीते 11 वर्षों में देश ने राजनीतिक स्थिरता, सुरक्षा, आर्थिक विकास और जनकल्याण की दिशा में रचा नया इतिहास*

# मोदी सरकार के 11 साल राष्ट्र निर्माण, आत्मनिर्भर भारत और वैश्विक नेतृत्व का स्वर्णिम अध्याय : सतपाल जांबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|ढांड

भाजपा विधायक सतपाल जांबा ने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार के 11 वर्ष देश के लोकतांत्रिक इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने जिस गति और समर्पण से आत्मनिर्भरता, सुरक्षा, जनकल्याण और वैश्विक प्रतिष्ठा के क्षेत्र में ऊंचाइयों को छुआ है, वह पहले कभी संभव नहीं हो पाया था। विधायक ने कहा कि 2014 से पूर्व देश निराशा, घोटालों और राजनीतिक अस्थिरता के दौर से गुजर रहा था, लेकिन भाजपा सरकार ने विकास, पारदर्शिता और जवाबदेही की नई संस्कृति स्थापित की। भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण की राजनीति को समाप्त कर राष्ट्रवाद और सेवा को मूलमंत्र बनाया गया। उन्होंने कहा कि उज्ज्वला, जनधन, आयुष्मान भारत, स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, पीएम किसान, स्टार्टअप इंडिया जैसी योजनाओं ने सीधे आम नागरिक के जीवन में बदलाव लाने का कार्य किया। गरीब, किसान, महिला, युवा और पिछड़ा वर्ग हर किसी को पहली बार केंद्र सरकार की योजनाओं का वास्तविक लाभ मिला। सतपाल जांबा ने कहा कि हरियाणा में भाजपा संगठन को मजबूती से आगे बढ़ाने में प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की भूमिका प्रेरणादायक रही है। उन्होंने कहा कि बड़ौली के नेतृत्व में पार्टी की जमीनी पकड़ और कार्यकर्ताओं का मनोबल लगातार बढ़ा है। गांव-गांव तक भाजपा की विचारधारा और योजनाएं पहुंचाने में उनकी कार्यशैली सराहनीय है।

#### विकास निरंतर जारी

सतपाल जांबा ने कहा कि में ऑपरेशन सिंदूर भारत की सैन्य शक्ति और मानवीय संवेदना का जीवंत प्रमाण है, जहां सटीक कार्रवाई के साथ नारी सम्मान की रक्षा को सर्वोपरि रखा गया। आज भारत वैश्विक मंचों पर न केवल अपनी दमदार मौजूदगी दर्ज करवा रहा है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय निर्णयों में उसकी भागीदारी निर्णायक बन रही है। उन्होंने भाजपा कार्यकत्ताओं से आह्वान किया कि वे इन उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाएं और आगामी चुनावों में पार्टी को पुनः बहुमत दिलाने में जुट जाएं ताकि विकास की यह यात्रा निरंतर जारी रह सके।

### श्रीमद्भागवत कथा सुनने मात्र से ही आत्मा को शांति

**पूंडरी।** गांव फतेहपुर स्थित ब्राह्मण वाली धर्मशाला में सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन पूरे गांववासियों के सहयोग से किया जा रहा है। कथा का शुभारंभ 17 जून को हुआ और यह 23 जून तक चलेगी। कथा वाचन के लिए जनकपुरी से पधारे आचार्य पुरुषोत्तम महाराज प्रवचन कर रहे हैं। कथा के दूसरे दिन आचार्य पुरुषोत्तम महाराज ने गोकर्ण व दुन्दुभी प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि यह कथा मनुष्य के जीवन को दिशा देने वाली है।कथा प्रसंग करते हुए आचार्य ने बताया कि गोकर्ण एक ज्ञानी व धर्मात्मा ब्राह्मण थे, जिनके भाई धुन्धकारी ने पापमय जीवन जीते हुए अंत में प्रेत योनि प्राप्त की। गोकर्ण ने अपने भाई की आत्मा की मुक्ति के लिए श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया और सात दिनों तक भगवान श्रीहरि की कथा का श्रवण कराया। कथा के प्रभाव से धुन्धकारी को प्रेत योनि से मुक्ति मिली और वह स्वर्ग को प्राप्त हुआ।उन्होंने कहा कि यह प्रसंग हमें यह सिखाता है कि श्रद्धा और भक्ति से भगवान की कथा सुनने मात्र से ही आत्मा को शांति और मुक्ति मिलती है।

---



**राजौंद।** खेत में धान की फसल लगाते हुई महिलाएं।

### बरसात के साथ ही धान रोपाई प्रारंभ

**राजौंद ।** राजौंद क्षेत्र में बुधवार को मौसम के अनुकूल होते ही किसानों ने अपने खेतों में धान की रोपाई का कार्य शुरू कर दिया है। हालांकि सरकार द्वारा 15 जून तक धान की रोपाई पर रोक लगाई हुई थी।जिस कारण किसान 15 जून का इंतजार कर रहे थे। 15 जून के निकलते ही किसानों ने अपने खेतों में धान की फसल लगाने का कार्य शुरू कर दिया था। वही बुधवार को हुई बरसात के बाद धान रोपाई के कार्य को तेज कर दिया है और किसानों के चेहरों पर भी मुस्कान देखी गई।अब खरीफ की फसल की शुरुआत सकारात्मक माहौल में होगी। मौसम विभाग की माने तो आने वाले कुछ दिनों में मौसम में बदलाव बना रहेगा और बारिश की संभावना भी जताई जा रही है। इससे लोगों को भीषण गर्मी और उमस से भी राहत मिलेगी। मौसम विभाग के अनुसार अगले सप्ताह तापमान में काफी गिरावट होगी और बरसात भी होने के अनुमान लगाए जा रहे हैं। बता दे की राजौंद क्षेत्र के ज्यादातर किसान बरसात के बाद ही धान की फसल लगाने पर निर्भर होते हैं क्योंकि नहरों में पानी कई कई दिनों तक नहीं आता। और बिजली भी किसानों को पूरी मात्रा में नहीं मिल पाती।

## खबर संक्षेप

### जियो फेंसिंग के विरोध में आज प्रदर्शन करेंगे कर्मी

**जींद।** अपने निजि मोबाइल से जियो फेंसिंग आधारित उपस्थिति दर्ज करवाने के निर्णय के विरोध में वीरवार को स्वास्थ्यकर्मी सिविल सर्जन कार्यालय के सम्मुख धरना देंगे। बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कर्मचारी एसोसिएशन के जिला सचिव गुरनाम ने हरियाणा सरकार के उस निर्णय पर कडा एतराज जताते हुए विरोध प्रकट करने का निणर्य लिया है। जिसमें चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मचारियों को अपने मोबाइल के माध्यम से जियो फेंसिंग लोकेशन आधारित उपस्थिति दर्ज करने के आदेश दिए गए थे।

### डेंगू व मलेरिया को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

**जींद।** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने उचाना मंडी में डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया। टीम ने घर-घर जाकर लोगों को जागरूक किया। सुपरवाइजर जगबीर, सत्यवान वर्मा, योगेश, संजय व गुरुदेव एमपीएचडब्ल्यू ने उचाना थाने में जांच अभियान चलाया। थाना परिसर में आवासीय क्वार्टर और कार्यालय में रखे कूलर, गमले और छत पर रखी टंकियों की जांच की। स्टाफ को मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया की जानकारी दी।

### पालतु कुतिया से कटवाया दपंत्ति के खिलाफ केस दर्ज

**कैथल।** थाना शहर कैथल पुलिस ने एक पालतू कुत्तिया से एक व्यक्ति को कटवाने के आरोप में दंपति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जोशियांन मोहल्ला कैथल के नरेश कुमार ने बताया कि 5 जून को आरोपी संजीव शर्मा और उसकी पत्नी संतोष ने जानबूझकर उनकी पालतू कुत्तिया उस पर छोड़ दी। कुतिया द्वारा उसे काट लिया गया। बाद में आरोपी मौके से फरार हो गए। मामले के जांच अधिकारी हेड कांस्टेबल संदीप कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्राम सचिव के साथ मारपीट, मामला दर्ज

**कैथल।** गांव सिंह में ग्राम सचिव के साथ मारपीट करने व सरकारी काम में बाधा डालने के आरोप में पुलिस ने तीन व्यक्तियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। ग्राम सचिव प्रवीण कुमार ने बताया कि 17 जून को जब वह गांव में कार्रवाई कर रहे थे तो गांव के ही राम कला, नरसी और नरेश ने सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाते हुए उसके साथ गाली गलौज करते हुए हाथा पाई की। मामले के जांच अधिकारी सब इंस्पेक्टर नवीन ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### पीएमश्री स्कूल के 3 छात्रों ने पास की नीट की परीक्षा

**नरवाना।** प्राचार्य संजय चौधरी ने बताया कि बडनपुर गांव से दिशीता पुत्री विकास श्योकंद आई आर 906ए ई डब्ल्यू एस 48 स्कोर 608ए लक्ष्य पुत्र जयवीर सिंह ए आई आर 27505ए ई डब्ल्यू एस 3210ए स्कोर 525ए तथा रविशा पुत्री दिलबाग सिंह ए आई आर 68497 स्कोर 487 ने अच्छा रैंक प्राप्त करके बडनपुर गांव का नाम रोशन किया। लक्ष्य तथा रविशा पीएम श्री राजकीय विश्व माध्यमिक विद्यालय बडनपुर के विद्यार्थी रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय में खुशी का माहौल है।

### रात्रि ठहराव सुशासन की दिशा में एक और ठोस कदम : उपायुक्त

# बड़ौद गांव में पहुंचे अधिकारी ग्रामीणों ने रखीं 101 शिकायतें

### अधिकतर का मौके पर किया समाधान, सरपंच राजेश कुमार ने अधिकारियों के सामने रखीं गांवों की मांगें



जींद। रात्रि ठहराव के दौरान शिकायतें सुनते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सफीदों उपमंडल के गांव बड़ौद में पहुंच कर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने रात्रि ठहराव कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। डीसी के समक्ष ग्रामीणों द्वारा 101 समस्याएं सांझा की जिनमें से अधिकतर समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया और शेष समस्याओं को औपचारिकताएं पूरी कर अधिकारियों को निदान के निर्देश दिए गए।

डीसी ने कहा कि रात्रि ठहराव सुशासन की दिशा में एक ठोस कदम है। अधिकारी अब दफ्तरों के साथ-साथ गांव में पहुंच कर आमजन की समस्याओं का समाधान कर रहे है। अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे यही सरकार का संकल्प है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा चलाई गई मुहिम के तहत जिला प्रशासन लोगों की शिकायतोंध्समस्याओं का समाधान उनके घर द्वार पर जाकर किया जा रहा है। कुछ शिकायतों का समाधान करने में नियमानुसार समय लगता है। जिससे शीघ्र ही पूरा कर लिया जाता है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक सोमवार व वीरवार को जिला व उपमंडल स्तर पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जाता है। जिससे जरूरतमंद व्यक्ति पहुंच कर अपनी शिकायतों का समाधान करवा सकते हैं। यहीं नही इन कार्यक्रमों में दी जाने वाली शिकायतों की समीक्षा जिला व अपर स्तर भी की जाती है। इस दौरान गांव के सरपंच राकेश कुमार शर्मा ने गांव से सम्बंधित विभिन्न मांगें डीसी के सामने रखी जिन पर संज्ञान लेते हुए डीसी ने शिकायतों के समाधान के लिए मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए। रात्रि ठहराव कार्यक्रम में बिजली, पानी, सड़क, परिवहन सेवा, पीपी आई को दुरूस्त करने जैसी विभिन्न विभागों से संबंधित 101 समस्याएं प्राप्त हुई। एसपी कुलदीप ने ग्रामीणों को नशा मुक्त जीवन, यातायात नियमों के पालन और साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी और ग्रामीणों से कहा कि ऑनलाइन फ्रॉड की स्थिति में तुरंत 1930 पर कॉल करें। पुलिस अधीक्षक ने आमजन से आह्वान किया कि वह छोटे.मोटे झगड़े को आपसी समझदारी से घर.द्वारा या पंचायत स्तर पर ही निपटाने का प्रयास करें। इसके बाद ही सम्बंधित पुलिस स्टेशन या उच्च अधिकारियों के पास जाकर अपनी सुनवाई करवा सकते हैं।

#### स्कूल व आंगनवाडी का किया निरीक्षण

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने रात्रि दरबार में समस्याएं सुनने से पहले बड़ौद गांव के राजकीय प्राथमिक स्कूल में पहुंचकर विद्यार्थियों को दी जा रही मिड-डे मिल, पाठन सामग्री, बिजली, पानी, साफ.-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि वे स्कूल में जरूरत अनुसार मरम्मत व व्हाइटवॉश करवाएं। इसी प्रकार आंगनवाडी केंद्र में पहुंचकर सरकार द्वारा बच्चों को दी जा रही सुविधाओं के बारे में बारीकी से जांच की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्कूल व आंगनबाड़ी के अंदर लाइट, शौचालय, साफ.-सफाई इत्यादि की समुचित व्यवस्था रखें ताकि यहां पढने वाले बच्चों को किसी प्रकार की कोई परेशानी ना हो। इस दौरान उन्होंने पौधा रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

#### डीसी ने सुनीं लोगों की शिकायतें

रात्रि ठहराव कार्यक्रम में बड़ौद गांव के जिले सिंह ने बताया कि उनकों राज्य सरकार की योजना अनुसार गांव की पंचायती भूमि सें प्लाट आवंटित हुआ था। जिसकी रजिस्ट्री अभी तक प्राप्त नही हुई है। इस पर संज्ञान लेते हुए डीसी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश दिए। इसी प्रकार महिलाओं द्वारा डीसी के समक्ष शिकायत रखी गई कि गांव की बस्ती के अंदर शराब का ठेका है, उसको हटाया जाए। शिकायत पर गौर फरमाते हुए डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नियमानुसार कार्रवाई करना सुनिश्चित करे। सामूहिक रूप से पीएमएवाई के तहत मकान व प्लाटों के लिए आए आवेदनों पर बोलते हुए कहा कि सरकार द्वारा जो.जो योजनाएं चलाई गई है, उसके लिए पात्र व्यक्तियों को योजना का लाभ अवश्य दिया जाएगा। बड़ौद गांव के युवाओं द्वारा रखी गई स्टेडियम की मांग पर डीसी ने कहा कि ग्राम पंचायत द्वारा जमीन उपलब्ध करवा करवाने पर स्टेडियम का निर्माण करवा दिया जाएगा। गांव के मोतीराम द्वारा शिकायत में कहा गया कि वह विकलांग है तथा उनका विकलांगता प्रमाण पत्र गुम हो गया है। इसकी सुनवाई करते हुए उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वह उनकी समस्या का समाधान करे। बिजली के समाधान के लिए उन्होंने कहा कि आपके गांव में जगमग योजना के तहत बिजली कनेक्शन लगभग पूरे कर लिए गए है और शीघ्र ही योजना के तहत पूरी बिजली उपलब्ध करवाने का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। उन्होंने सर्वसम्मति से गांव में सरपंच बनाने व रात्रि ठहराव के लिए किए गए प्रबंधों पर गांव वासियों को बधाई दी।

#### ये अधिकारी रहे मौजूद

कार्यक्रम में एडीसी विवेक आर्य, एएसपी सोनाक्षी सिंह, सफीदों के एसडीएम पुलकित मल्होत्रा, नगराधीश डा. आशीष देशवाल, आरटीए गिरीश कुमार, रोडवेज महाप्रबंधक राहुल जैन, डीआरओ राजकुमार, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, बीडीपीओ नरेश शर्मा इत्यादि मौजूद रहे।

# ड्रेनों व नालों की सफाई कार्य में लाएं तेजी: डीसी



कैथल। डीसी जनस्वास्थ्य विभाग के नालों व ड्रेनों का निरीक्षण करते हुए।

- डीसी ने किया नालों व ड्रेनों का निरीक्षण, ग्योंग ड्रेन की सफाई में तेजी लाने के दिए निर्देश।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने कहा कि मानसून सीजन बिल्कुल नजदीक आ चुका है, इसलिए चाहे श्रम शक्ति बढ़ानी पड़े या फिर मशीनरी, ड्रेनों व नालों की सफाई कार्य में तेजी लाई जाए, बारिश के मौसम में पानी की निर्बाध निकासी हो सके। सफाई करने के बाद जो गाद व कचरा निकलता है, उसका भी समयबद्ध उठान किया जाए, ताकि यह वापिस नाले व ड्रेन में न जा सके।

डीसी प्रीति ने बुधवार को शहर में जन स्वास्थ्य विभाग से संबंधित विभिन्न नालों, ड्रेनों व डिस्पोजल प्वाइंटस का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सफाई कार्य को गंभीरता से लिया जाए। अधिकारी यह मत समझे कि एक बार जिस जगह का निरीक्षण हो चुका है, उसका दोबारा निरीक्षण नहीं होगी। वह कभी भी, किसी भी वक्त, किसी भी विभाग के कार्यों का निरीक्षण कर सकती हैं। इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि बारिश के मौसम में कहीं पर जलभराव की स्थिति पैदा न होने पाए। जन साइट पर सफाई कार्य चल रहा है, उन्हें जल्द पूरा किया जाए और जहां पर अभी तक भी कार्य शुरू नहीं हो पाया है, वहां जल्द से जल्द कार्य शुरू किया जाए।

डीसी प्रीति ने सबसे पहले पुराना बाइपास स्थित श्मशान घाट के पास बालाजी डिस्पोजल का निरीक्षण किया। वहां का सफाई कार्य सही पाया गया, लेकिन कचरे का उठान सही से नहीं हुआ था। डीसी ने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिस पर नाले व ड्रेन की सफाई की जाए वहां पर गाद व कचरे का उठान जरूर किया जाए। उन्होंने मुख्य डिस्पोजल में जुड़े नालों की साफ-सफाई के निर्देश दिए। इसके बाद डीसी ने अंबाला रोड स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के नजदीक डिस्पोजल का निरीक्षण किया। जहां आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात सेक्टर 18 के बीचों-बीच स्थित ग्योंग ड्रेन पर पहुंची। सफाई कार्य सही नहीं होने के कारण डीसी ने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि तय समय तक इसकी सफाई की जाए।

# डिवाइडर पर लगने थे फूल पौधें, बना दिए बिटौड़े

- डिवाइडर तथा सड़क के साथ बस्तियों में पाथा जा रहा गोबर
- गोबर की बदबू के कारण लोगों का आवागमन हुआ मुश्किल।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। सड़क किनारे डिवाइडर पर पाथा गया गोबर। फोटो : हरिभूमि

जेडी सात यानि मिनी बाइपास वार्ड नंबर तीस में सड़क के बीच बनाया गया डिवाइडर सौंदर्यकरण की बजाय गोबर पाथने की जगह बन गया है। लोगों ने डिवाइडर पर गौसे बनाने के साथ बिटौड़े भी बना दिए हैं। सड़क के डिवाइडर के दोनों और सड़क के साथ भी गौसे पाथे जा रहे हैं। लोग पशुओं को भी डिवाइडर के साथ सड़क पर बांध रहे हैं। जिसके चलते हादसों का खतरा भी बना रहता है। बारिश के मौसम में हालात ऐसे हैं कि गोबर से उठने वाली बदबू से लोगों का वहां से निकलना मुहाल हो गया है। मिनी बाईपास काली देवी मंदिर से भिवानी बरवाला-हांसी बाईपास को मिलाने वाली सड़क पर डिवाइडर बनाया हुआ है। पौधे लगाने के लिए स्टील के जाल भी लगाए हैं। लोगों ने डिवाइडर पर पौधे तथा फूल लगाने की बजाय गोबर के गौसे पाथने की जगह बना ली है। हैरानी यह भी है कि उस पर बिटोड़े भी लगा दिए गए हैं।

#### पशुओं को बांधकर हादसों को भी दे रहे निमंत्रण

काली माता मंदिर से बाईपास तक सड़क पर लोग अपने मकानों के बाहर पशु भी बांधते हैं। सड़कें दोनों और गोबर भी पाथते हैं। बारिश के मौसम में सड़क के दोनों तरफ डाला जा रहा गोबर बह कर सीवरेज में जा रहा है और सड़क पर भी बह रहा है। पशुओं को सड़क के साथ बांधे जाने के कारण हादसों का खतरा भी बना रहता है।

#### लोग हो रहे परेशान

शार्ट रास्ते का प्रयोग लोग वाहनों के अलावा आवागमन के लिए भी करते हैं। डिवाइडर पर तथा सड़क के दोनों और डाले जा रहे गोबर से सुबह सैर पर निकलने वाले को परेशानी होती है। लोगो का कहना है कि शार्ट कट पक्के रास्ते का प्रयोग बहुत ज्यादा लोग करते हैं, लेकिन लोगों को डिवाइडर तथा सड़क की दशा ही बिगाड़ कर रखी दी। नप ईओ रिषीकेश चौधरी ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नही था। डिवाइडर सौंदर्यकरण के अलावा सुरक्षा दृष्टिगत भी है। साफ-सफाई रखना सभी जिम्मेवारी है। मामले मे कार्रवाई की जाएगी।

# परिचालक के हमलावर गिरफ्तार न होने के विरोध में कर्मियों का प्रदर्शन

- हरिद्वार से फतेहाबाद आ रही बस के परिचालक पर किया था हमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल



कैथल। प्रदर्शन करते रोडवेज कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

हरियाणा राज्य परिवहन कैथल डिपो में डिपो में हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चे के घोषित प्रोग्राम अनुसार फतेहाबाद डिपो के परिचालक कृष्ण कुण्डू पर ड्यूटी के दौरान हमला करने वाले की गिरफ्तार नहीं होने के विरोध में 10 से 12 बजे तक डिपो सांझा मोर्चा सदस्य में डिपो प्रधान अमित कुमार प्रवीण कुमार के नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। संचालन मंदीप कुमार कृष्ण गुलयाना ने किया। कृष्ण किछाना, विक्रम गुहना, सुशील कुमार, महावीर संधू व बलवान कुंडू अमित शर्मा, सुरेश करोड़ा, सुरेश मराठा, अंचित राज़ ने बताया कि 16 जून को फतेहाबाद डिपो की एक बस संख्या HR- 62 GV 2491 हरिद्वार से फतेहबाद जा रही थी। जब हिसार बस अड्डे पर पहुंची तो सवारियों के साथ कुछ लड़के भी बस में बैठ गए। जब परिचालक कृष्ण कुण्डू द्वारा एक युवक को टिकट लेने के लिए कहा तो उसने जवाब दिया कि मैं टिकट नहीं लूँगा ओर मुझे ढंडूर उतार देना।

# डीएवी स्कूल चीका के 25 विद्यार्थी एनसीसी शिविर के लिए रवाना

- विद्यार्थी एनसीसी कैंप में देशभक्ति ,राष्ट्र सेवा व अनुशासन का पाठ पढ़ेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुहला-चीका



गुहला-चीका। प्रिंसिपल राकेश कुमार विद्यार्थियों को हरी झंडी दिखा कर रवाना करते हुए।

डीएवी सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल चीका के एनसीसी (नेशनल कैडेटस कोर) के 25 विद्यार्थी जवाहर नवोदय विद्यालय नवारसी, कुरुक्षेत्र में 10 दिन के लिए आयोजित हो रहे वार्षिक प्रशिक्षण कैंप में हिस्सा लेने के लिए रवाना हुए। स्कूल प्रगांण में प्राचार्य राकेश कुमार ने 25 विद्यार्थियों के ग्रुप को वार्षिक प्रशिक्षण कैंप के रवाना किया। उन्होंने कहा कि डीएवी स्कूल में एनसीसी. शुरू हो चुकी है और जिसमें 50 बच्चों का चयन हो चुका है। वार्षिक प्रशिक्षण कैंप के लिए आज बच्चों का एक ग्रुप, जिसमें 16 लड़के व 9 लड़कियां हिस्सा लेने के लिए रवाना हुए हैं। एनसीसी के इस कैंप में भाग लेकर विद्यार्थी अपने उज्जवल भविष्य के लिए देशभक्ति ,राष्ट्र सेवा,अनुशासन ,कर्तव्यनिष्ठा व टीमवर्क का पाठ पढ़ेंगे। उन्होंने कहा कि एनसीसी मे भाग लेकर बच्चे शारीरिक , बौद्धिक व भावानात्मक रूप से मजबूत होकर जिंदगी में आने वाली चुनौतियों का सामना करने में सक्षम होते हैं I प्रिंसीपल ने आगे कहा कि स्कूल में एन.सी.सी.का ओर विस्तार करेंगे।



पूंडरी। डीएवी कॉलेज पूंडरी में योग सिखाते योगाचार्य।

### नियमित योग से मानसिक तनाव होता है कम

**पूंडरी।** डीएवी कॉलेज पूंडरी में आगामी 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बीते 20 दिनों से नियमित रूप से योग कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। कॉलेज प्रांगण में प्रतिदिन प्रातःकालीन सत्र सुबह 5.30 बजे से 7.00 बजे तक विद्यार्थियों, पुरुषों और महिलाओं के लिए तथा सायंकालीन सत्र शाम 5:30 बजे से 7:00 बजे तक छात्राओं और महिलाओं के लिए विशेष रूप से संचालित हो रहा है।कॉलेज के कार्यकारी प्राचार्य डॉ. राजेश तुरान ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विधायक सतपाल जांबा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। इस अवसर पर आसपास के विभिन्न शिक्षण संस्थानों जैसे कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रसीना, पूंडरी, माता सुन्दरी खालसा गर्ल्स कॉलेज निसिंग और एनएसएस इकाई की भागीदारी भी रहेगी।डॉ. तुरान ने पूंडरी व आसपास के लोगों सहित छात्र-छात्राओं से आह्वान किया कि वे इन योग कक्षाओं व मुख्य योग दिवस कार्यक्रम में अधिक से अधिक भाग लें।

# छात्रावास का ताला तोड़ा, परीक्षा के दौरान बच्चों को खिलाया खाना

- सीआरएसयू का मामला, एक दिन पहले वीसी को ज्ञापन सौंप समस्या से करवाया था अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



जींद। ताला तोड़ते हुए गोविंद सैनी।

किसान छात्र एकता संगठन ने सीआरएसयू में छात्रावास का ताला तोड़ कर बच्चों को खाना खिलाया। प्रधान गोविंद सैनी ने हॉस्टल का ताला तोड़। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं के दौरान बच्चे को भूख नहीं रहने दिया जाएगा। अगर महिला छात्रावास में भी छात्राओं को खाने की आवश्यकता हुई तो गोल चक्कर तक खाना पहुंचाने की व्यवस्था संगठन करेगा।

गौरतलब है कि मंगलवार को किसान छात्र एकता संगठन कार्यकर्ताओं ने चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. रामपाल सैनी से मुलाकात की और छात्रों को आ रही समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा था ज्ञापन के माध्यम से कार्यकारिणी प्रधान गोविंद सैनी ने बताया था कि सीआरएसयू में परीक्षाओं के दौरान विद्यार्थियों को कई समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विश्वविद्यालय में परीक्षाओं के दौरान छात्रावास में विद्यार्थियों के लिए खाने की कोई सुविधा नहीं है। इसको लेकर विद्यार्थियों को काफी परेशानी होती है।

# सुपर 100 कार्यक्रम के तहत नौ छात्रों ने पास की नीट की परीक्षा

- जिनमें पांच लड़कियां शामिल बुआना की काजल के 549 अंक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जींद



छात्रा काजल।

सुपर 100 कार्यक्रम के तहत प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों में से जिले के नौ विद्यार्थियों ने नीट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। इसमें पांच लड़कियां व चार लडक़े शामिल हैं। बुआना की छात्रा काजल ने 549 अंक लेकर ऑल इंडिया में 12915वां रैंक हासिल किया। इसके अलावा जींद के सचिन ने 486 अंक प्राप्त किए। बागडु कलां के शुभम ने 456 अंक प्राप्त कर 113101 रैंक, रोहद गांव निवासी अमृत ने 448 अंक लेकर 125869वां रैंक, पिल्लूखेड़ा की आरती ने 416 अंक प्राप्त कर 180586, जुलाना की छात्रा काजल ने 396 अंक लेकर 217397 वां रैंक, खटकड़ निवासी सोनी ने 254 अंक हासिल कर 598306वां रैंक, करेला निवासी छात्रा साक्षी ने 227 अंक हासिल कर 688947वां रैंक और झांझ कलां के रौनक ने 210 अंक हासिल कर 758955 वां रैंक हासिल किया। इन्होंने कुरुक्षेत्र के बारना गांव में सुपर 100 केंद्र पर प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग हासिल की थी। सुपर.100 में सरकारी स्कूलों से 10वीं पास करने वाले ऐसे बच्चों को दो साल की नीट और जेईई की निःशुल्क कोचिंग दी जाती है। जिला विज्ञान विशेषज्ञ रणधीर सिंह लोहान व अमित कुमार ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित हरियाणा सुपर 100 कार्यक्रम ने नीट 2025 के परिणामों में एक उल्लेखनीय उपलब्धि दर्ज की है। इस वर्ष कार्यक्रम से जुड़े प्रदेशभर के 100 वि?द्यार्थियों ने नीट परीक्षा उत्तीर्ण की है। जिनमें 69 छात्राएं शामिल हैं। यह परिणाम प्रदेश की बेटियों की क्षमता और उनकी दृढ़ इच्छाशक्ति को दर्शाता है।

### जल संरक्षण को आपसी तालमेल से काम करें अधिकारी

# जल की एक-एक बूंद कीमती, जल संरक्षण जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

जल शक्ति अभियान जिला कैथल की केंद्रीय नोडल ऑफिसर भूमिका वर्मा ने कहा कि हम सबको मिलकर जल संरक्षण के लिए कार्य करना है। जिला में बनाई गई 82 जल सहेलियां बहुत अच्छा कार्य कर रही है, जोकि काफी सराहनीय है। हमें अधिक से अधिक महिलाओं को इस अभियान में शामिल करना है। जल संरक्षण के कार्य को एक आंदोलन के रूप में लें। जिले भर में वर्षा संचय को लेकर रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम व सोखते गड्ढे बनाने सहित आमजन को जागरूक करें ताकि हर व्यक्ति की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करें।

केंद्रीय नोडल ऑफिसर भूमिका वर्मा बुधवार को लघु सचिवालय में जल शक्ति अभियान के तहत संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि आज आवश्यकता से अधिक जल का दोहन किया जा रहा है, उससे आने वाले समय में जल का संकट पैदा हो सकता है। जल की एक-एक बूंद की बड़ी अहमियत है। इसलिए हम सबको मिलकर जल बचाने व वर्षा के पानी को संचित करने के लिए ओर अधिक मजबूती से कार्य करना होगा। सभी विभाग आपसी तालमेल से कार्य करें। उन्होंने जन स्वास्थ्य विभाग, सिंचाई विभाग, शिक्षा विभाग, वन विभाग, कृषि विभाग, नगर परिषद द्वारा जल संरक्षण पर किए गए कार्यों की फीडबैक ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा रेन वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएं, ताकि भू-जल स्तर को सुधारा जा सके। वन विभाग द्वारा 4 लाख पौधे लगाने के टारगेट के अंतर्गत जिला में पौधरोपण करवाएं तथा निर्धारित टारगेट को पूरा किया जाए। किसानों को भी पौधा रोपण करने के लिए जागरूक करें। पर्यावरण संरक्षण को लेकर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता अभियान चलाकर आमजन को जागरूक करें। उन्होंने कहा कि इस अभियान में जल सहेलियों को काम देने के साथ-साथ ऐसा प्लान भी तैयार करें।

#### आज गांवों का दौरा करेंगी नोडल ऑफिसर

जल शक्ति अभियान के तहत प्री मानसून विजिट के दौरान जिला कैथल की केंद्रीय नोडल ऑफिसर भूमिका वर्मा 19 जून को विभिन्न गांवों का दौरा करेंगी। विभिन्न विभागों द्वारा पूर्व में किए गए कार्यों की ग्राउंड लेवल पर जाकर समीक्षा करेंगी तथा कार्यों की गुणवत्ता को भी परखेंगी। गांवों के दौरे का रूट प्लान भी तैयार कर लिया गया है। संबंधित विभागों के अधिकारी भी इस विजिट में मौजूद रहेंगे।

#### ये मौजूद रहे

इस मौके पर केंद्रीय जल आयोग के सहायक निदेशक संजीब मिश्रा, जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, डीडीए डॉ. बाबू लाल, डीएचओ डॉ. हीरा लाल, कार्यकारी अभियंता गुरविंद्र सिंह, निशांत बत्तान, नारायण दत, कर्णबीर सिंह, डॉ. कुलदीप सिंह, विक्रम सिंह, दीपक शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे।